p>

Title: Need to establish textile parks in panipat, Haryana.

श्री संजय भाटिया (करनाल): सभापति महोदय, मैं अपने लोक सभा क्षेत्र से जुड़ा हुआ एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठाना चाहता हूं। आपने मुझे उसे उठाने का मौका दिया, उसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरा सौभाग्य है कि यहां इस समय सदन में माननीय टेक्सटाइल मिनिस्टर भी उपस्थित हैं। मेरे लोक सभा क्षेत्र में पानीपत एक इंडस्ट्रियल टाउन है और हिस्टोरिकल सिटी है। इसके अंदर लगभग घरेलू और निर्यात का 50 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का टेक्सटाइल का व्यापार होता है। उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, पश्चिमी बंगाल से बुनकर यहां आकर काम करते हैं। यहां के लोगों ने पूरी दुनिया के अंदर हिन्दुस्तान का नाम ऊंचा किया है। पिछले कुछ समय से जो ब्लैंकेट चाइना से बहुत बड़ी मात्रा में इम्पोर्ट होता था, यहां के एन्टरप्रेन्योर ने बहुत मेहनत से वह इम्पोर्ट बंद करके पानीपत में ही उसका उत्पादन किया। पिछले दिनों बजट के अंदर जो सात टेक्सटाइल पार्क्स यहां अनाउंस हुए, माननीय टेक्सटाइल मिनिस्टर यहां पर बैठी हैं, मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि पानीपत को वह टैक्सटाइल पार्क दिया जाए।